**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 5501**

**Series**

*Roll No.* [ ]

***SET : B***

# हिन्दी

## भाग – II

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

---

- *कृपया जाँच कर लें कि भाग-**II** के इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** तथा प्रश्न **40** हैं।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त** इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।*

---

*नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

*(iii) प्रश्न संख्या **1** से **16** तक प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक शब्द/वाक्य/रिक्त स्थान की पूर्ति में दीजिए तथा **17** से **40** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*

***निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :***

**1.** जिस समास में पहला पद ............. हो, उसे द्विगु समास कहते हैं।

**2.** प्रेमसागर, दिनों-दिन – विग्रह कीजिए।

**3.** स्वर सन्धि के ............. भेद हैं।

**4.** महोदय, नमस्ते – सन्धि-विच्छेद कीजिए।

**5.** प्रताप, संयोग – उपसर्ग छाँटिए।

**6.** नैतिक, फूलदान – प्रत्यय छाँटिए।

**7.** विकारी शब्द ............. प्रकार के होते हैं।

**8.** अविकारी शब्दों को छाँटकर लिखिए :

योग, कम, बच्चा, खूब।

9. निर्मल के *दो* पर्यायवाची शब्द लिखिए।

10. तामसिक, सभ्य – विलोमार्थी शब्द लिखिए।

11. मुद्रा के *दो* अनेकार्थी शब्द लिखिए।

12. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के .... ........ भेद हैं।

13. 'सोने पर सुहागा' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

14. 'ओस चाटे प्यास नहीं बुझती' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए।

15. 'मन की मन ही माँझ रही।' – अलंकार का नाम लिखिए।

16. 'अपरस रहत सनेह तगा तैं।' – अलंकार का नाम लिखिए।

*निम्नलिखित काव्य खण्ड बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :*

17. 'चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं' – यहाँ गुहारि का अर्थ है :

(i) हारा हुआ (ii) गाली देना
(iii) रक्षार्थ पुकार (iv) गुफा

18. 'उत्साह' कविता में बादलों के हृदय में किस प्रकार की शोभा छिपी हुई है ?

(i) सुनहरी (ii) बूंदों की
(iii) विद्युत की (iv) झरनों की

19. तुलसीदास ने 'गाधिसूनु' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है ?

(i) परशुराम (ii) राम
(iii) लक्ष्मण (iv) विश्वामित्र

20. गोपियों के अनुसार किसका मन चंचल है ?

(i) स्वयं का (ii) श्रीकृष्ण का
(iii) उद्धव का (iv) सूरदास का

21. सवैया में श्रीब्रजदूलह 'देव' सहाई में देव शब्द का क्या अर्थ है ?

(i) देवता (ii) श्रीकृष्ण
(iii) भाग्य (iv) कवि देव

22. 'गर्भन्ह के अर्भक दलन' – यहाँ अर्भक का क्या अर्थ है ?

(i) शत्रु (ii) बच्चा
(iii) क्षत्रिय (iv) कायर

**23.** अट नहीं रही है कविता में 'मंद-गंध-पुष्प-माल' का धारक किसे कहा गया है ?

(i) भादों
(ii) कार्तिक
(iii) सावन
(iv) फागुन

**24.** 'कन्यादान' कविता में स्त्री के बंधन कौन-से हैं ?

(i) समाज
(ii) वस्त्र और आभूषण
(iii) कामकाज
(iv) प्रसाधन

**25.** विश्वामित्र के अनुसार साधु किसके दोषों को मन में धारण नहीं करते ?

(i) मित्रों के
(ii) बुजुर्गों के
(iii) युवकों के
(iv) बालकों के

**26.** गोपियों के अनुसार श्रीकृष्ण ने मथुरा जाकर कौन-सा शास्त्र पढ़ लिया है ?

(i) राजनीतिशास्त्र
(ii) अर्थशास्त्र
(iii) धर्मशास्त्र
(iv) नीतिशास्त्र

**27.** 'कन्यादान' कविता में चेहरे पर मत रीझना में क्या निहित है ?

(i) फटकार
(ii) नसीहत
(iii) तिरस्कार
(iv) सम्मान

**28.** 'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' नामक कविता में अहो मुनीसु महाभट मानी – ये शब्द किसको कहे ?

(i) श्रीराम को
(ii) परशुराम को
(iii) विश्वामित्र को
(iv) लक्ष्मण को

*निम्नलिखित गद्य खण्ड बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :*

**29.** 'नेताजी का चश्मा' कहानी के आधार पर हालदार साहब को किस प्रकार का व्यक्ति कहा गया है ?

(i) अन्वेषक
(ii) क्रोधी
(iii) भावुक
(iv) कठोर

**30.** वालगोविन भगत ने अपने वेटे की चिता को अग्नि किससे दिलवाई ?

(i) पतोहू से
(ii) स्वयं दी
(iii) किसी साधु से
(iv) रिश्तेदार से

**31.** फ़ादर कामिल बुल्के ने प्रयाग विश्वविद्यालय से शोधप्रबंध कब पूरा किया ?

(i) 1950
(ii) 1951
(iii) 1952
(iv) 1953

32. 'क्यों भई, क्या बात है ? आज तुम्हारे नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं है।' कहानी में ये शब्द किस कहे ?

(i) पानवाले ने
(ii) हालदार साहब ने
(iii) ड्राइवर ने
(iv) मोतीलाल ने

33. 'बालगोबिन भगत' नामक पाठ में औरतें मेंड़ पर क्या लेकर बैठी हैं ?

(i) कंबल
(ii) कस्सी
(iii) कलेवा
(iv) कपड़े

34. फ़ादर कामिल बुल्के का देहान्त किस सन् में हुआ ?

(i) 1982
(ii) 1984
(iii) 1985
(iv) 1987

35. नवाब साहब ने सीट के नीचे से क्या उठाया ?

(i) लोटा
(ii) चाकू
(iii) तौलिया
(iv) लाल मिर्च की पुड़िया

36. हालदार साहब को ध्यान से देखने के बाद अपनी लाल-काली बत्तीसी किसने दिखाई ?

(i) कैप्टन ने
(ii) पानवाले ने
(iii) मोतीलाल ने
(iv) ड्राइवर ने

37. बालगोबिन भगत कौन-सा वाद्ययंत्र बजाते थे ?

(i) शहनाई
(ii) खँजड़ी
(iii) तबला
(iv) सितार

38. 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' संस्मरण में 'हर मौत दिखाती है जीवन को नयी राह' ये शब्द किसने कहे थे ?

(i) डॉ० सत्यप्रकाश
(ii) डॉ० रघुवंश
(iii) डॉ० निर्मला जैन
(iv) फ़ादर कामिल बुल्के

39. 'लखनवी अंदाज़' नामक पाठ गद्य की किस विधा में लिखा गया है ?

(i) कहानी
(ii) व्यंग्य लेख
(iii) रेखाचित्र
(iv) संस्मरण

40. रेलगाड़ी में बर्थ पर बैठे नवाब साहब ने अपने सामने कितने ताजे खीरे रखे हुए थे ?

(i) एक
(ii) दो
(iii) तीन
(iv) चार